SYBA Hindi II 14/3/16,

OP3AFI

समय ढाई घंटे पूर्णांक ७५

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों की व्याख्या कीजिए :- १६

अ) " मैं रथ का टूटा हुआ पहियाँ हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहास की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !"

अथवा

" मुझे नहीं पता मैं कबसे एक दौड़ में शामिल हूँ
विशाल अंतहीन भीड़ है जिसके साथ दौड़ रहा हूँ मैं
गलियों में ,सडकों पर ,घरों की छतों पर,तहखानों में
तनी हुई रस्सी पर सब जगह दौड़ रहा हूँ मैं ."

आ) " पानी पियो तो शुक्रिया अदा करो कुम्हारों का
जिन्होंने बनाए पृथ्वी की तरह गोल मटके
और बहुत सुन्दर सुराहियाँ जिनकी गरदनें
सुन्दर स्त्रियों की तरह पतली और लम्बी हैं "

अथवा

" रैली में चलती स्त्री
जैसे ब्रह्माण्ड में अनथक चलती पृथ्वी को देखना है
बहार वह जितनी दिख रही है
उससे उसके सपनों और उसके भीतर मची उथल- पुथल का
अनुमान लगाना नामुमकिन है "

प्रश्न २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

क) सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' 'कविता के द्वारा हस्तक्षेप'किस प्रकार कर रहे हैं- स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कात्यायनी की 'औरत और घर' कविता की औरत को अपने शब्दों में लिखिए।

ख) 'हमारे समय के बच्चे 'कविता के बच्चों के हालात को रेखांकित कीजिए।

अथवा

"बीसवी सदी के अंतिम दिनों का आश्चर्य' कविता में राजेश जोशी के आत्मीयता के दर्शन होते हैं" – इस मत की पुष्टि कीजिए.।

प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए :- ०९

ट) " ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता बस्स! बहुत हो चुका' में दलित- चेतना की धार नजर

39

OP3AFI

आती है ." – इस मत की पुष्टि कीजिए I

अथवा

'सलीम मैं और उनसठ का साल'कविता में चित्रित सांप्रदायिक दंगों की चर्चा कीजिए I

प्रश्न ४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियों लिखिए :- १०

त) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की विधवा कविता का भावार्थ

अथवा

धर्मवीर भारती : टूटा पहिया

थ) 'सहायक क्रिया' कविता का भावार्थ

अथवा

'रैली में स्त्रियाँ' कविता की स्त्रियाँ

प्रश्न ५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०

१) कात्यायनी की कविता का नाम लिखिए .

२) क्या पूजन क्या अर्चन रे' कविता किसने लिखी ?

३) काव्य कुसुम कविता की पुस्तक का सम्पादन किसने किया ?

४) काव्य कुसुम पुस्तक किसने प्रकाशित की ?

५) काव्य कुसुम पुस्तक की भूमिका किसने लिखी?

६) राजेश जोशी किस दौर के कवि हैं ?

७) बीसवी सदी के अंतिम दिनों का सच क्या है ?

८) सहायक क्रिया किसे कहते हैं ?

९) नेपथ्य किसे कहते हैं ?

१०) कर्बला का क्या अर्थ है ?

''